# समर्पण संस्था™

......... मानवता के लिए समर्पित

**गैर सरकारी संगठन (NGO)**

त्याग

सेवा

सहयोग




समानता

सम्मान

लोकोपकार

# समर्पण प्रार्थना

समर्पण की भावना हो, ऐसा जीवन जी पाएं।
करें तन मन धन अर्पण, ऐसा जीवन जी पाएं।

मानवता को धर्म मानें, इन्सानियत को जानें,
सबसे मिलके चलना हम, सदा जीवन में अपनाएं।
समर्पण की भावना............

प्यार की बात हो मुख पर, निन्दा नफरत करें ना हम,
नम्रता हो दया करूणा, सभी का दर्द समझ पायें।
समर्पण की भावना............

निभायें नाता सबसे हम, मीठे बोल नित बोलें,
प्रेम जीवन में बस जाये, सादगी को हम अपनाएं।
समर्पण की भावना............

न समझे ऊँच कोई नीच, सबको गले लगायें हम,
समझ के ये जहाँ अपना, सबके दिल में बस जायें।
समर्पण की भावना............

तर्जः- दया कर दान भक्ति का ...............



(सभी कार्यक्रमों की शुरूआत उपरोक्त प्रार्थना व समापन राष्ट्रगान से किया जाता है।)

# समर्पण संस्था के उद्देश्य

## शिक्षा एवं सामाजिक विकास

- ज़रूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री के तहत किताबें, फीस, युनिफॉर्म, स्कूल बैग, स्टेशनरी आदि उपलब्ध करवाना।
- समाज के आर्थिक सम्पन्न व्यक्तियों को एज्युकेशनल एम्बेसेडर नियुक्त कर उन्हें एक निर्धन जरुरतमंद विद्यार्थी की शिक्षा के खर्चों की जिम्मेदारी देना।
- निरक्षर महिलाओं को शिक्षित कर उन्हें रोजगार उपलब्ध करवाना।
- महिला शिक्षा के लिए साक्षरता अभियान चलाकर समाज में व्याप्त कुरितियों को मिटाने व अन्धविश्वासों, जातिवाद आदि के खात्मे के लिए विचार गोष्ठी / परिचर्चा आदि आयोजित कर जागरूकता लाना।

## मानवाधिकार

- महिलाओं, बच्चों, दलितों व असहाय लोगों के अधिकारों के लिये पैरवी करना एवं प्रशासनिक तन्त्र के साथ मिलकर मानव समाज की भलाई के लिए कार्य करना।

## स्वास्थ्य कार्यक्रम

- एड्स, टी.बी., कैंसर, कोरोना आदि बीमारियों के प्रति जागरूक करना।
- रक्तदान शिविर, नेत्र चिकित्सा शिविर, सामान्य जाँच एवं चिकित्सा शिविर आदि का आयोजन करना।
- भ्रूण हत्या, नशाबन्दी आदि पर कार्यक्रम आयोजित करना।
- स्वच्छता अभियान चलाना।

## पर्यावरण

- पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना।
- वृक्षारोपण, जल-संरक्षण, मृदा-संरक्षण, अक्षय ऊर्जा, पवन ऊर्जा आदि के लिये कार्य करना।

## आर्थिक विकास

- सरकारी योजनाओं का आमजन तक लाभ पहुँचाना।
- कृषि योजनाओं व उन्नत कृषि की जानकारी देकर लाभ दिलवाना।
- बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण देकर लाभ दिलवाना, स्वयं सहायता समूहों का निर्माण कर लाभ दिलाना।
- कच्ची बस्ती वासियों व बेघर लोगों के पुनर्वास के लिए कार्य करना।

उपरोक्त समस्त कार्यों के लिये जन जागरूकता अभियान, शिविर, संगोष्ठियाँ, रैलियाँ तथा प्रशिक्षण शिविरों एवं विधिक शिविरों का आयोजन करना।

## मानव सेवा

- जरूरतमंद व्यक्तियों को वस्त्र उपलब्ध करवाना।
- अनाथ बच्चों एवं अनाथ बजुर्गों को रिहायश उपलब्ध करवाना।

# समर्पण संस्था का संक्षिप्त परिचय व कार्यक्रमों का विवरण

त्याग, सेवा, सहयोग व समानता के विचार व सिद्धान्तों पर कार्यरत तथा ज़रूरतमंद, असहाय व पीड़ित व्यक्तियों के लिए समर्पित समर्पण संस्था एक रजिस्टर्ड सामाजिक संस्था है जिसकी स्थापना नवम्बर, 2009 में की गई । संस्था में सभी धर्म व जाति के व्यक्ति सदस्य है। संस्था के पदाधिकारी सदस्यों का सामाजिक क्षेत्र में एक स्थान व मुकाम है। संस्था की प्रबन्ध कार्यकारिणी ( 2023-26 ) में कुल 25 सक्रिय सदस्य हैं।

संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या ए-वन आर्किटेक्ट्स प्रा.लि. के निदेशक है जो जयपुर व राजस्थान के अनेक शहरों में रिहायशी, वाणिज्यिक, संस्थानिक व व्यवसायिक भवनों के नक्शे डिजाइन कर निर्माण कर चुके हैं। डॉ. माल्या को समाज के लिए किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए देश विदेश की अनेक संस्थाएँ अवॉर्ड देकर सम्मानित कर चुकी है ।

संस्था द्वारा गत 15 वर्षों में अब तक लगभग 177 कार्यक्रम मानव हितार्थ आयोजित किये जा चुके हैं। ***मुख्य कार्यक्रमों का विवरण निम्न प्रकार से है :-***

*"14 रक्तदान शिविरों में कुल 1314 युनिट रक्तदान"*





*"10 शिक्षा सहायता कार्यक्रमों में कुल 875 निर्धन ज़रूरतमंद विद्यार्थियों को किताबें, फीस के चैक, यूनिफॉर्म, नोटबुक्स, स्टेशनरी आदि उपलब्ध करवाना"*






*"496 उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभुतियों को "समर्पण समाज गौरव अवॉर्ड" द्वारा सम्मानित करना*





सरकारी स्कूल के बच्चों को निःशुल्क अंग्रेजी पढ़ाना




निरक्षर महिलाओं को साक्षर करना




निःशुल्क नेत्र जाँच एवम् लेन्स प्रत्यारोपण शिविर





प्याऊ लगवाना



पक्षियों के लिए परिण्डे लगवाना



ज्वलन्त मुद्दों पर प्रदर्शन



मैराथन में परहित की भावना को लेकर दौड़ लगाना



## गणतन्त्र दिवस पर ध्वजारोहण व विचार गोष्ठी



## स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण व पौधारोपण



## कैशलेस सोसायटी के लिए डिजीटल जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम






## योग शिविर



## पौधारोपण



## कार्यक्षेत्र :

संस्था का कार्यक्षेत्र राजस्थान राज्य है। अब इसका विस्तार राष्ट्र स्तर पर किया जा रहा है और सदस्यता कोई भी ले सकता है।

## मीटिंग व कार्यक्रम :

संस्था के सभी कार्यक्रम व मिटिंग्स की शुरूआत ''समर्पण प्रार्थना'' के साथ होती है तथा समापन राष्ट्रगान के साथ किया जाता है। कार्यकर्ताओं के लिए यूनिफॉर्म सफेद टी शर्ट व कैप भी निर्धारित है। सदस्य आपस में मिलने पर ''जय मंगल'' का उद्घोष भी करते हैं। प्रत्येक तीन वर्ष के बाद संस्था की कार्यकारिणी पुर्नगठित की जाती है।

# "निर्माणाधीन समर्पण आश्रय केयर भवन (दादा पोता निवास)

## (अनाथ बच्चों व वंचित / पीड़ित वृद्धजनों के रिहायश हेतु)

प्लॉट नं. – 30, लक्ष्मी विहार – I, फालियावास मोड़ ( टीबा )
सांभरिया रोड़, तहसील बस्सी, जिला – जयपुर ( राज. ) 303012



भवन निर्माण के लिए संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या ने 525 वर्गगज जमीन मैन 200 फीट सांभरिया रोड़ पर दान में दी है। अब जन सहयोग से भवन निर्माण कार्य प्रगति पर है।

समर्पण आश्रय केयर भवन में अनाथ व बेघर बच्चों व वंचित/पीड़ित वृद्धजनों को एक साथ रिहायश दी जाएगी। जिन बच्चों का कोई सहारा नहीं है उन बच्चों को शिक्षित कर समाज की मुख्यधारा के साथ जोड़ा जायेगा। साथ ही ऐसे वृद्धजन जिनके बच्चे नहीं हैं या एकाकी जीवनयापन कर रहे हैं। उनको बच्चों के साथ ही रिहायश दी जायेगी। जिससे दोनों को आपस में प्यार मिल सके।

## निर्माणाधीन भवन की अनुमानित लागत

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | बेसमेन्ट फ्लोर | (2175.00 x 1100) | 23,92,500/- |
| 2. | ग्राउण्ड फ्लोर | (2550.00 x 1100) | 28,05,000/- |
| 3. | फर्स्ट फ्लोर | (2358.31 x 1400) | 33,01,634/- |
| 4. | सैकण्ड फ्लोर | (2872.05 x 1400) | 40,20,870/- |
| 5. | थर्ड फ्लोर | (1715.4 x 1400) | 24,01,560/- |
| | कुल अनुमानित लागत (मार्केट रेट के अनुसार) | = | **1,49,21,564/-** |

(21000/– रु. एवं उससे अधिक राशि दान करने वाले दानदाताओं का नाम शिलालेख पर उल्लेखित किया जायेगा और 5 लाख से अधिक दान करने वाले दानदाता का फोटो सहित विवरण मुख्य हॉल में लगाया जायेगा।

## निमार्णाधीन भवन के वास्तविक छायाचित्र





# समर्पण वस्त्र एवं बुक बैंक

## समर्पण वस्त्र बैंक :

संस्था द्वारा अक्टूबर 2018 में जयपुर शहर में 25 वस्त्र संग्रहण केन्द्र बनाकर नये व पुराने वस्त्र एकत्रित किये गये । वस्त्रों को छाँटकर अलग अलग पैकेट तैयार किये गये। उसके बाद करतारपुरा में एवन आर्किटैक्ट प्रा.लि. के प्रधान कार्यालय स्थित बेसमेंट हॉल 18 बी, श्री कल्याण नगर में एक वस्त्र बैंक स्थापित किया गया। वस्त्र बैंक के लिए लगभग 1100 वर्गफुट का बेसमेंट हॉल संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. माल्या द्वारा निःशुल्क उपलब्ध करवाया। वस्त्र बैंक में कोई भी दानदाता नये व पुराने वस्त्र दान कर सकता है। वस्त्र बैंक के विशाल डिस्प्ले में बड़ी संख्या में कपड़े सभी साइजों के हमेशा उपलब्ध रहते हैं। वस्त्र बैंक से नियमित प्रतिदिन जरुरतमंदों को उनकी साईज के अनुसार छांटकर कपड़े भेंट किये जाते हैं। वस्त्र बैंक से कोई भी समाजसेवी या संस्था कपड़े इश्यू करवाकर ज़रूरतमंदों मे बाँट सकते हैं। संस्था द्वारा अब तक जयपुर व आसपास के क्षेत्रों व अन्य जिलों में लगभग बड़ी संख्या में जरुरतमंदों को वस्त्र वितरित किये जा चुके हैं। वस्त्र बैंक द्वारा दी जा रही सेवाओं को OMG बुक ऑफ रिकॉर्डस् के वर्ष 2020 संस्करण में दर्ज किया जा चुका है।





## समर्पण बुक बैंक


संस्था द्वारा अक्टूबर 2020 से एक बुक बैंक भी वस्त्र बैंक परिसर में ही शुरू किया गया है। जिसमें दानदाता अपनी पुरानी / नई किताबें / स्टेशनरी / मोबाईल / लेपटॉप आदि जमा करवाते हैं तथा संस्था उन्हें जरुरतमंदों को भेंट करती है।



## सरकारी सहायता :

संस्था ने अब तक किसी प्रकार की सरकारी सहायता नहीं ली है। सभी कार्यक्रम सदस्यता शुल्क व दान द्वारा प्राप्त राशि से ही किये जा रहे हैं। संस्था के अपने कुछ भी खर्चे नहीं है। जो भी दान व सदस्यता शुल्क आता है वह 100% परोपकार में खर्च किया जाता है। प्रत्येक कार्यक्रम के बाद उसका अकाउन्ट सदस्यों की जानकारी के लिए वाट्सअप ग्रुप पर पोस्ट किया जाता है ।

## वेबसाइट :



संस्था की वेबसाइट जिसका विमोचन सन् 2010 में तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने किया था। www.samarpansanstha.org वेबसाइट पर संस्था की सभी गतिविधियों के साथ सदस्यों का विवरण भी अपडेट रहता है।

## स्मारिका :




संस्था द्वारा अब तक पाँच स्मारिका ''समर्पण 2010'', ''समर्पण 2015'', ''समर्पण 2017'', ''समर्पण 2019'' व ''लोकोपकार 2022'' प्रकाशित की जा चुकी है। स्मारिका प्रकाशन संस्था के मानव हितार्थ कार्यों के प्रचार प्रसार के लिए केवल विज्ञापन द्वारा प्राप्त राशि से ही किया जाता है ।

## सदस्यता एवं दान

संस्था में किसी भी जाति व धर्म के व्यक्ति सदस्यता ले सकते हैं। इसके लिए सदस्यता फॉर्म वेबसाइट व कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

### सदस्यता शुल्क :

1. मुख्य संरक्षक 21000/- ( आजीवन )
2. संरक्षक सदस्य 11000/- ( आजीवन )
3. विशिष्ट सदस्य 5100/- ( पांच वर्षीय )
4. सम्माननीय सदस्य 1100/- ( वार्षिक )
5. विद्यार्थी - नि:शुल्क

सभी सदस्यों का विवरण फोटो सहित वेबसाइट पर अपलोड किया जाता है। सदस्यता के लिये फॉर्म भरकर व्हाट्सअप पर या मेल द्वारा भेज सकते हैं। सदस्यता शुल्क संस्था के बैंक खाते में जमा करवाकर रसीद की फोटो भेज सकते हैं संस्था की रसीद प्रेषित कर दी जायेगी। यदि कोई सदस्य न बनकर केवल दान देना चाहते हैं तो उनका भी स्वागत हैं। दान व सदस्यता शुल्क के लिए चैक ''समर्पण संस्था'' के नाम बनाकर भेज सकते हैं।

संस्था में दान व सदस्यता की राशि पर आयकर अधिनियम 80G के तहत इनकम टैक्स में छूट होगी।

## संस्था के बैंक खाते का विवरण:

Bank Name : AXIS Bank Ltd.

A/c No. : 909010036941934

IFS Code : UTIB0000433 at Jaipur

A/c Name : Samarpan Sanstha

UPI QR CODE

## केवल समर्पण आश्रय केयर भवन निर्माण के लिए दान हेतु संस्था का खाता

UPI QR CODE

Bank Name : AU Small Bank

A/c No. : 2181221534165890

IFS Code : AUBL0002215

A/c Name : Samarpan Sanstha

## मुख्य संरक्षक

| | |
|---|---|
| श्री प्रमोद चौरड़िया ( जैन ) | ( संस्थापक अध्यक्ष, मानव मिलन संस्थान ) |
| जनाब अब्दुल सलाम जौहर | ( प्रो. इण्डियन क्राफ्ट्स, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता ) |
| डॉ. बी.एल. जाटावत | ( सेवानिवृत्त, आई.ए.एस. ) |
| डॉ. ओम प्रकाश बैरवा | ( आई.ए.एस. ) |
| सी.ए. अंकित जैन | ( चार्टर्ड अकाउंटेंट ) |
| श्री हरभजन सिंह मल्होत्रा | ( सेवानिवृत्त आचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ) |
| श्री द्वारका प्रसाद बुनकर | ( वरिष्ठ मुंसरिम, विशेष न्यायालय ACD-3ए जयपुर ) |
| सी.ए. विजय गोयल | ( गोयल विजय एण्ड कम्पनी ) |
| श्री जेठानन्द नन्दवानी | ( समाज सेवी व सेवानिवृत वरिष्ठ लेखाधिकारी ) |
| जनाब सरोश खान | ( फिल्म निर्माता व समाज सेवी ) |
| श्री सतीश खुराना | ( निदेशक, गौरव पेट्रोकेम प्रा. लि. ) |
| श्री राकेश गोयल | ( भवन निर्माता, अरिहन्त ग्रुप ) |
| कर्नल एस.एस. शेखावत | ( सेवानिवृत्त भारतीय फौज ) |
| आर्किटेक्ट डॉ. दौलतराम माल्या | ( निदेशक, ए-वन आर्किटेक्टस् प्रा.लि. ) |
| श्री कमल सैनी | ( कमल ट्रेडिंग कॉरपोरेशन ) |
| श्री हरी सिंह झांझिया | ( सेण्ड स्टोन कॉन्ट्रेक्टर ) |
| श्री दिनेश कुमार जाजू | ( गोविन्दम टाईल्स एण्ड सैनेटरी ) |
| श्री धर्मपाल | ( प्रधान वैज्ञानिक अधिकारी, रक्षा ) |
| श्री अरविन्द अग्रवाल | ( CMD, अरविनो ) |
| श्री श्री किशन जोनवाल | ( सिविल कॉन्ट्रेक्टर ) |
| श्री रामजी लाल बैरवा | ( सेवानिवृत मुख्य प्रबन्धक ) |
| श्री कमल नयन खण्डेलवाल | ( महाप्रबन्धक, ईएम3 एग्री सर्विसेज ) |
| श्री रामेश्वर प्रसाद बैरवा | ( स्पेशल कमिश्नर SGST जयपुर ) |
| श्री पप्पू राम कोली | ( एसोसिएट प्रोफेसर, कॉलेज शिक्षा विभाग ) |
| श्री कैलाश चन्द घुमरिया | ( सेवानिवृत्त आई.आर.एस. ) |
| श्री सूर्य प्रकाश | ( सेवानिवृत्त कार्यकारी निदेशक, दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ) |
| श्री भंवर लाल भाटी | ( सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग ) |
| श्री सचिन अग्रवाल | ( प्रोपराईटर, आकांक्षा इंटीरियर्स ) |
| श्री राकेश कुमार सिंह | ( निदेशक, यूएसएस पेस्टकॉन ) |
| श्री मयंक बैरवा | ( निदेशक, श्री निधि इंफ्रासुलोशन ) |
| श्री शेखर चंदेल | ( व्यवसायी एवं प्रभारी, समर्पण वस्त्र बैंक ) |
| श्री बेदराज बैरवा | ( सरपंच, ग्राम पंचायत, भटेरी ) |
| श्री भंवर लाल बुनकर | ( सेवानिवृत्त, मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ महाराष्ट्रा ) |
| श्री राजीव कुमार जैन | ( विकास अधिकारी, भारतीय जीवन बीमा निगम ) |
| श्री अनिल कुमार जैन | ( सेवानिवृत्त, प्रधान आयकर आयुक्त ) |
| डॉ. मनोज कुमार बामनिया | ( चिकित्सक, सहायक प्रोफेसर युरोलॉजी ) |

## प्रबन्ध कार्यकारिणी

| | | |
|---|---|---|
| संस्थापक अध्यक्ष | डॉ. दौलत राम माल्या | ( निदेशक, ए-वन आर्किटेक्ट्स प्रा.लि. ) |
| सचिव | कमल नयन खण्डेलवाल | ( महाप्रबंधक, ईएम3 कृषि सेवाएँ ) |
| वरिष्ठ उपाध्यक्ष | सी.एल. वर्मा | ( सेवानिवृत्त, आई.आर.ए.एस. ) |
| कोषाध्यक्ष | राम अवतार नागरवाल | ( अवतार एसोसिएट्स ) |
| उपाध्यक्ष | बनवारी लाल मेहरड़ा | ( समाजसेवी ) |
| उपाध्यक्ष | रविन्द्र कुमार पुलकित | ( अध्यापक ) |
| उपाध्यक्ष | रमेश कुमार बैरवा | ( सेवानिवृत्त, आर.एसी.एस. ) |
| उपाध्यक्ष | श्रीमती शिवाली गुप्ता | ( एंकर (AIR) एवं निदेशक, सेंटवेव ऑर्गनाइजेशन |
| उपाध्यक्ष | हीरा लाल बैरवा | ( सेवानिवृत्त, उपनिदेशक पेंशन विभाग ) |
| संयुक्त सचिव | राकेश कुमार संचेती | ( एडवोकेट ) |
| संयुक्त सचिव | ओमप्रकाश वर्मा | ( एडवोकेट ) |
| संयुक्त सचिव | श्रीमती नीरू शर्मा | ( समाज सेविका ) |
| संयुक्त सचिव | प्रकाश बैरवा | ( एवन आर्किटेक्ट प्राईवेट लिमिटेड ) |
| प्रवक्ता | राम लाल "रोशन" | ( जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ) |
| कार्यकारिणी सदस्य | राम स्वरूप महावर | ( सिविल कॉन्ट्रेक्टर ) |
| कार्यकारिणी सदस्य | रामराज सिंह महावर | ( खुशी पी.ओ.पी. कॉन्ट्रेक्टर ) |
| कार्यकारिणी सदस्य | मनोज स्वरूप छीपा | ( बिल्डिंग मैटेरियल सप्लायर्स ) |
| कार्यकारिणी सदस्य | भंवर लाल बैरवा | ( इलेक्ट्रिशियन ) |
| कार्यकारिणी सदस्य | मूल चंद बैरवा | ( ज्योति फर्नीचर ( कॉरपेंटर ) |
| कार्यकारिणी सदस्य | संजीत कुमार कुशवाह | ( मोडयुलर किचन विशेषज्ञ ) |
| कार्यकारिणी सदस्य | लोकेश माल्या | ( सिविल इंजीनियर ) |
| कार्यकारिणी सदस्य | सुरेश कुमार माल्या | ( आर्किटेक्चरल डिजाइनर ) |
| कार्यकारिणी सदस्य | अमित कुमार लोदिया | ( आर्किटेक्चरल डिजाइनर ) |
| कार्यकारिणी सदस्य | महेश कुमार | ( सिविल इंजिनियर ) |
| कार्यकारिणी सदस्य | राजकुमार अरोड़ा | ( समाजसेवी ) |

## मानद पद व प्रबन्धकीय सेवाएं

| | | |
|---|---|---|
| प्रधान मुख्य संरक्षक | श्री प्रमोद चौरड़िया ( जैन ) | ( संस्थापक अध्यक्ष, मानव मिलन संस्थान ) |
| प्रधान मुख्य सलाहकार | श्री अनिल कुमार जैन | ( सेवानिवृत्त, प्रधान आयकर आयुक्त ) |
| प्रधान पथ प्रदर्शक | डॉ. बी.एल. जाटावत | ( सेवानिवृत्त आई.ए.एस. व पूर्व अध्यक्ष, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ) |
| मुख्य सलाहकार | श्री अरुण अग्रवाल | ( कार्यकारी अध्यक्ष, फोर्टी ) |
| मुख्य सलाहकार | श्री रामजी लाल बैरवा | ( सेवानिवृत्त मुख्य प्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा ) |
| विशिष्ट सलाहकार | श्री मदन लाल वर्मा | ( कृष्णा कन्स्ट्रक्शन कम्पनी ) |
| विशिष्ट सलाहकार | श्री अनिल अग्रवाल | ( आपके सवाल चैनल ) |
| विशिष्ट सलाहकार | योगी श्री मनीष विजयवर्गीय | ( आध्यात्मिक मित्र, वक्ता व लेखक, योग निदेशक, योगा पीस संस्थान ) |
| समर्पण वस्त्र बैंक प्रभारी | श्री शेखर चंदेल | ( व्यवसायी ) |
| वॉलियन्टियर्स प्रभारी | श्री मोहन कुमार मेहरा | ( ट्रांसपोर्ट एडवाइजर ) |
| वॉलियन्टियर्स प्रभारी | सुश्री अंजली माल्या | ( आर्किटेक्ट ) |
| कार्यालय प्रबन्धक | श्री त्रिलोक माल्या | ( आर्किटेक्चरल डिजाइनर ) |

# समर्पण संस्था™

........ मानवता के लिए समर्पित

(ज़रूरतमंद, असहाय व पीड़ित व्यक्तियों की सहायतार्थ)


पंजीकृत कार्यालय : 192/38 कुंभा मार्ग, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर (राज.) 302033
वर्किंग कार्यालय : 18 बी, श्रीकल्याण नगर, करतारपुरा, जयपुर (राज.) 302015
मोबाइल : 9414336431, 9929225353
E-mail : samarpansanstha42@gmail.com | Website : www.samarpansanstha.org


## संस्था के रजिस्ट्रेशन :

1. राजस्थान संस्था रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1958 के अन्तर्गत – 599/जयपुर/2009-10
2. राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 (1959 का 42) के अधीन सहायक देवस्थान आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर खण्ड, जयपुर में रजिस्ट्रेशन.......... 139 जयपुर 2024
3. PAN Number - AAEAS2034F
4. TAN Number - JPRS29183A
5. 80G - AAEAS2034FF20214
6. 12A - AAEAS2034FE20211
7. Niti Ayog - RJ/2022/0304490
8. CSR - CSR00034138
9. Udyam Registration Number ( MSME)-UDYAM-RJ-17-0117021
10. Sanstha Adhar Number ( SAN )- SAN 8006540118000110
11. VSDC (Voluntary Sector Development Centre, Govt. of Rajasthan) Registration Number VSDC/2023/JAIPUR/1105
12. Trade Mark number- 5311311
13. E-AUDAAN ( Ministry of Social Justice and Empowerment) NGO ID-RJ/00036580

## सौजन्य से :



# कृष्णा Construction Company

KRISHNA Construction Company (Contractor)

**ALL TYPES OF CIVIL WORK (LABOUR AND WITH MATERIALS)**





**VED PRAKASH - 9887039014**

**Madan Lal Verma**

Plot No. - 15, Tirupati Balaji Nagar, Near Surajbhan School, Sanganer, Jaipur (Rajasthan) | Mobile : 9414442285, 9887039011

Website : www.krishnaconstructioncompany.in | Email : accounts@krishnaconstructioncompany.in
sales@krishnaconstructioncompany.in | support@@krishnaconstructioncompany.in